# Daily Current Affairs

Date : 03 November, 2025

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान को 'एक्सीलेंस इन विंड एंड हाइब्रिड पॉलिसी' पुरस्कार |
| 2. | 'गंगनहर : सुशासन के सौ वर्ष' समारोह |
| 3. | जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं में राजस्थान की स्थिति |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. तीन जिलों में औद्योगिक परियोजनार्थ भूमि आवंटन<br>2. आस्था अग्रवाल |
| 5. | लखनऊ : पाक-कला का सृजनशील शहर |
| 6. | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन : 73वां स्थापना दिवस |
| 7. | श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर |
| 8. | गोगाबील झील : नया रामसर स्थल |
| 9. | जीसैट-7R उपग्रह |
| 10. | अभ्यास त्रिशूल |
| 11. | पद्मश्री रामदरश मिश्र का निधन |
| 12. | पूर्व गोलकीपर मैनुअल फ्रेडरिक |
| 13. | रोहन बोपन्ना : टेनिस |
| 14. | एशियन यूथ गेम्स, 2025 |
| 15. | ICC महिला वनडे विश्व कप, 2025 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान को 'एक्सीलेंस इन विंड एंड हाइब्रिड पॉलिसी' पुरस्कार

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, चेन्नई में आयोजित "विंडर्जी इंडिया 2025" सम्मेलन में राजस्थान को 'एक्सीलेंस इन विंड एंड हाइब्रिड पॉलिसी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- पवन और हाइब्रिड ऊर्जा क्षेत्र में लागू की गई दूरदर्शी नीतियों, निवेशक-अनुकूल वातावरण तथा सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए राजस्थान को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **पुरस्कार प्राप्तकर्ता :** राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के जनरल मैनेजर राजीव सिंह।
- ज्ञातव्य है कि वर्तमान में राजस्थान 40,407 मेगावाट (MW) की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के साथ देशभर में प्रथम स्थान पर है।
- बीकानेर के पूगल क्षेत्र में 2450 मेगावाट (MW) सोलर तथा 1250 मेगावाट (MW) बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता (BESS) का पार्क विकसित किया जा रहा है, जो बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता के साथ देश में सबसे बड़ा पार्क होगा।
- राजस्थान द्वारा परंपरागत एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 54,000 मेगावाट से अधिक विद्युत क्षमता के लक्ष्य को वर्ष 2031-32 तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-**

- **विंडर्जी इंडिया 2025 :** 30 एवं 31 अक्टूबर, 2025 को चेन्नई (तमिलनाडु) में।
- **आयोजक :** इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024:**

- राज्य सरकार द्वारा इस नीति की अधिसूचना 04 दिसंबर, 2024 को जारी की गई।
- **नीति की अवधि:** यह नीति अधिसूचना की तारीख से प्रभावी है और 29 मार्च, 2029 तक या किसी अन्य नीति द्वारा प्रतिस्थापित करने तक लागू रहेंगी।
- **लक्ष्य :** राज्य में वर्ष 2029-30 तक 1,25,000 मेगावाट (125 गीगावाट) अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

**125 गीगावाट का विभाजन:**

| क्रम | उत्पादन का प्रकार | लक्षित क्षमता |
|---|---|---|
| 1. | सौर (Solar) | 90,000 MW |
| 2. | पवन और हाइब्रिड (Wind & Hybrid) | 25,000 MW |
| 3. | हाइड्रो, पंप स्टोरेज प्लांट (PSP), बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम | 10,000 MW |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 'गंगनहर : सुशासन के सौ वर्ष' समारोह

## चर्चा में क्यों?

- गंगनहर के शिलान्यास से लेकर इसके निर्माण कार्य के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बीकानेर संभाग में 'गंगनहर: सुशासन के 100 वर्ष' राज्य स्तरीय समारोह मनाया जाएगा।

## मुख्य बिन्दु:

- **अवधि :** 5 दिसंबर, 2025 से 26 अक्टूबर, 2027 तक।
- **गंगनहर का शिलान्यास :** 5 दिसंबर 1925 (बीकानेर के तात्कालिक महाराजा गंगासिंह द्वारा फिरोजपुर, पंजाब में)
- **निर्माण पूर्ण :** 26 अक्टूबर, 1927 (यह राजस्थान की प्रथम बहुउद्देश्यीय परियोजना है।)

**लिफ्ट नहरें:-**

1. करणी लिफ्ट नहर
2. लक्ष्मी नारायण लिफ्ट नहर
3. लालगढ़ लिफ्ट नहर
4. समीजा लिफ्ट नहर

- **उद्घाटन कार्यक्रम के अतिथि :** पंडित मदन मोहन मालवीय और भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड इरविन।

**शताब्दी समारोह के मुख्य आयोजन:**

- **शुरुआत :** फिरोजपुर (पंजाब) से 5 दिसंबर, 2025 को 'राज्य स्तरीय शताब्दी समारोह' के रूप में।
- **समापन :** श्रीगंगानगर जिले के शिवपुर हैड में 26 अक्टूबर, 2027 को 'राजस्थान के सुशासन की शताब्दी गाथा महोत्सव' के रूप में।

**शताब्दी समारोह के सम्मान कार्यक्रम:**

| स्थान | सम्मानित वर्ग |
|---|---|
| हनुमानगढ़ | 1927–2027 के दौरान जन्मे 100 विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान। |
| बीकानेर | ऐसे 100 लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जिनका जन्म बीकानेर संभाग में हुआ, लेकिन उन्होंने देश और दुनिया के विविध क्षेत्रों को अपनी कर्मभूमि बनाकर संभाग का नाम रोशन किया। |
| चूरू | बीकानेर संभाग के ऐसे सौ किसानों का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने कृषि की नवीन तकनीकों को अपनाया और कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं में राजस्थान की स्थिति

## चर्चा में क्यों?

- जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं के धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप राजस्थान वर्ष 2024-25 के दौरान 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं में पहला स्थान प्राप्त करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल रहा।

## मुख्य बिन्दु:

| श्रेणी / योजना | रैंक | अन्य तथ्य |
|---|---|---|
| अंतरराष्ट्रीय योग दिवस - 2025 | प्रथम | 62,915 स्थल, 85.31 लाख प्रतिभागी (आयुष मंत्रालय के 'योगा संगम पोर्टल' के अनुसार) |
| अंगदान एवं प्रत्यारोपण राष्ट्रीय पुरस्कार | प्रथम | - |
| पीएम मातृ वंदना योजना (राष्ट्रीय रैंकिंग) | प्रथम | मातृ स्वास्थ्य उपलब्धि। |
| पोषण पखवाड़ा-2025 | प्रथम | - |
| पीएम फसल बीमा योजना (खरीफ 2025) | प्रथम | 2.18 करोड़ पॉलिसी के साथ देश भर में प्रथम स्थान पर। |
| फार्मर रजिस्ट्री योजना | प्रथम | पीएम किसान लाभार्थियों की ID बनाने में प्रतिशत के आधार पर। |
| स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) | प्रथम | 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' के अंतर्गत स्वच्छता लक्षित इकाइयों को रूपांतरित करने में। |
| पीएम-कुसुम योजना (कंपोनेन्ट - A) | प्रथम | अक्षय ऊर्जा श्रेणी में। |
| पीएम-कुसुम (कंपोनेन्ट - B & C) | तृतीय | राष्ट्रीय FLS रैंकिंग। |
| फिट इंडिया फ्रीडम रन | प्रथम | 10,443 में से 6,202 आयोजन राजस्थान द्वारा। आयोजक : पंचायती राज विभाग। |
| विकसित भारत संकल्प यात्रा | प्रथम | 11,209 कैंप, 5.94 लाख गैस कनेक्शन। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| पीएम विश्वकर्मा योजना | द्वितीय | पारंपरिक कारीगर सहायता। |
| प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पर ड्रॉप मोर क्रॉप) | द्वितीय | वर्ष 2024-25 में 1.31 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में माइक्रो इरिगेशन सिस्टम की स्थापना। |
| नेशनल e-गवर्नेंस पुरस्कार | द्वितीय (रजत पदक) | कृषि विभाग में सरकारी प्रक्रियाओं में डिजिटल परिवर्तन हेतु। |
| टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान | तृतीय | वर्ष 2024-25 में 100 दिवसीय कैम्पेन में देशभर में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। |
| तंबाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 | 3rd बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट अवॉर्ड | - |
| नेशनल प्रोग्राम फोर पेलिएटिव केयर | तृतीय | - |
| आयुष्मान भारत (PM-JAY) | तृतीय | क्लेम सेटलमेंट एवं हॉस्पिटल एम्पैनलमेंट में वर्ष 2024-25 में देशभर में तीसरे स्थान पर। |
| ODOP | ब्रॉन्ज मेडल | उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के एक जिला-एक उत्पाद कार्यक्रम के क्रियान्वयन की राज्यों की श्रेणी में। |
| जल संचय जनभागीदारी अभियान | तृतीय | विभाग - पंचायती राज विभाग। |
| लीड्स लॉजिस्टिक रिपोर्ट | बेस्ट परफॉर्मर स्टेट | केन्द्र सरकार द्वारा लॉजिस्टिक इकोसिस्टम को मजबूत करने एवं लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार के लिए जारी की जाने वाली रिपोर्ट। |
| धरती आबा जनभागीदारी अभियान | बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट | जनजाति कल्याण, सशक्तीकरण एवं समावेशी विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **तीन जिलों में औद्योगिक परियोजनार्थ भूमि आवंटन** |
| | ■ राजस्थान की औद्योगिक क्षमता के संवर्द्धन के दृष्टिगत हाल ही में मुख्यमंत्री ने भीलवाड़ा, डीडवाना-कुचामन और फलौदी में औद्योगिक परियोजनार्थ भूमि आवंटनों को स्वीकृति प्रदान की। |

| ज़िला | आवंटित भूमि स्थल का नाम |
|---|---|
| भीलवाड़ा | कोटड़ी – ग्राम कोदिया |
| डीडवाना-कुचामन | परबतसर – मौजा भकरी मौलास |
| फलौदी | आऊ – हाजीसागर व टेणानाडी |

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 2. | **आस्था अग्रवाल** |
| | ■ हाल ही में, नवी मुंबई स्थित DY पाटिल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच का टॉस अलवर निवासी आस्था अग्रवाल ने कराया। |
| | ■ आस्था गूगल कंपनी के गूगल-पे की मार्केटिंग मैनेजर हैं। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## लखनऊ : पाक-कला का सृजनशील शहर

### चर्चा में क्यों?

- विश्व शहर दिवस (31 अक्टूबर) को उज्बेकिस्तान के समरकंद में यूनेस्को महासम्मेलन के 43वें सत्र के दौरान, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को आधिकारिक तौर पर यूनेस्को के 'रचनात्मक पाक-कला शहर' के रूप में नामित किया गया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- यह मान्यता लखनऊ को विश्व भर के उन 70 अन्य शहरों की श्रेणी में रखती है जो अपनी समृद्ध पाक विरासत के लिए प्रसिद्ध हैं।

### लखनऊ (अवधी) व्यंजन

- **प्राचीन पाक–कला विरासत :** लखनऊ की पाक-कला विरासत 18वीं शताब्दी से चली आ रही है, जब अवध के नवाबों ने भोजन को एक कला के रूप में परिवर्तित दिया था।
- इसमें दम-शैली की बिरयानी, मुँह में घुल जाने वाले गलौटी कबाब, रेशमी निहारी और मक्खन मलाई जैसी मिठाइयाँ शामिल हैं।
- **गंगा-जमुनी तहज़ीब की झलक :** लखनऊ का खाना उसकी गंगा-जमुनी तहज़ीब को दिखाता है, जो संस्कृतियों, समुदायों और स्वादों का एक अनोखा मेल है।

### यूनेस्को 'रचनात्मक पाक-कला शहर'

- **यूनेस्को 'रचनात्मक पाक-कला शहर' :** इतिहास, संस्कृति और पहचान से जुड़ी मजबूत पाक परंपराओं वाले शहरों को मान्यता देता है।
- **मुख्य तत्व :** जीवंत पाक-कला समुदाय, स्वदेशी सामग्री और पाककला संबंधी जानकारी का प्रदर्शन करना।
- इसमें पारंपरिक खाद्य बाजार, स्थानीय खाद्य उद्योग और खाद्य महोत्सव आदि शामिल हैं।
- **वैश्विक नेटवर्क :** विश्व भर में 408 शहर इस नेटवर्क से जुड़े हैं, जिनमें से 69 को 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' का खिताब प्राप्त है।
- **एशिया प्रतिनिधित्व :** एशिया के 21 शहर इस नेटवर्क का हिस्सा हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (UCCN) :

- विभिन्न शहरों के मध्य सहयोग को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2004 में स्थापित किया गया।
- यह SDG 11 का समर्थन करता है जिसका उद्देश्य "शहरों और मानव बस्तियों को समावेशी, सुरक्षित, लचीला और टिकाऊ बनाना" है।

### UCCN के तहत मान्यता के लिए 7 श्रेणियाँ -

1. शिल्प और लोक कला
2. डिज़ाइन
3. फिल्म
4. पाक-कला
5. संगीत
6. मीडिया कला
7. साहित्य

- **नेटवर्क में शामिल भारतीय शहर :** लखनऊ (पाक कला), कोझिकोड (साहित्य), ग्वालियर (संगीत), जयपुर (शिल्प और लोक कला), वाराणसी (संगीत), चेन्नई (संगीत), मुंबई (फिल्म), हैदराबाद (पाक कला) और श्रीनगर (शिल्प और लोक कला)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन : 73वां स्थापना दिवस

## चर्चा में क्यों?

- 1 नवंबर, 2025 को नई दिल्ली में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के 73वें स्थापना दिवस समारोह में कर्मचारी नामांकन योजना-2025 का शुभारंभ किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- यह योजना स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देने और सभी पात्र कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करने हेतु भारत सरकार की एक विशेष पहल है।
- कर्मचारी नामांकन योजना-2025, नियोक्ताओं को 1 जुलाई, 2017 से 31 अक्टूबर, 2025 के मध्य EPF कवरेज से छूटे हुए पात्र कर्मचारियों को स्वेच्छा से नामांकित करने और कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के तहत् उनके पिछले अनुपालन को नियमित करने के लिए एक विशेष अवसर प्रदान करती है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) :

- यह कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के तहत एक वैधानिक निकाय है।
- इसका संचालन त्रिपक्षीय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (CBT) द्वारा किया जाता है, जिसमें सरकार, नियोक्ता और कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल होते हैं तथा इसकी अध्यक्षता केंद्रीय श्रम मंत्री करते हैं।
- EPFO तीन योजनाओं का प्रबंधन करता है: कर्मचारी भविष्य निधि (EPF), 1952, कर्मचारी पेंशन योजना (EPS), 1995 और कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा (EDLI), 1976


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर, भगदड़ के कारण चर्चा में रहा।



## मुख्य बिन्दु:


- **अवस्थिति :** विश्व के सबसे धनी मंदिरों में से एक तिरुमाला हिल्स में स्थित है, जो शेषचलम हिल्स श्रृंखला का एक भाग है, जिसमें सात चोटियाँ हैं, जो आदिशेष के सात सिरों का प्रतीक हैं। सातवें शिखर वेंकटाद्रि पर स्थित होने के कारण इस मंदिर को 'सात पहाड़ियों का मंदिर' कहा जाता है।
- **स्थापत्य शैली :** दक्षिण भारतीय द्रविड़।
- **निर्माण और जीर्णोद्धार :** लगभग 300 ई. में थोंडामन राजा द्वारा निर्मित इस मंदिर का समय-समय पर चोल, पांड्य और विजयनगर शासकों द्वारा जीर्णोद्धार किया गया।
- **मुख्य देवता :** वेंकटेश्वर, गर्भगृह में पूर्वाभिमुख होकर विराजमान हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गोगाबील झील : नया रामसर स्थल

## चर्चा में क्यों?

- 31 अक्टूबर, 2025 को बिहार के कटिहार जिले स्थित 86.63 हेक्टेयर में फैली गोगाबील झील को देश के नवीनतम रामसर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है।




## मुख्य बिन्दु:


- यह एक संरक्षण एवं सामुदायिक आरक्षित क्षेत्र है, जिसका संरक्षण और प्रबंधन स्थानीय समुदाय द्वारा किया जा रहा है। अब बिहार में कुल 6 रामसर स्थल हो गए हैं, और वह देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस नयी मान्यता के साथ देश में कुल रामसर स्थलों की संख्या 94 हो गई है, जो कुल 13,60,805 हेक्टेयर क्षेत्र को आच्छादित करते हैं।
- एशिया में भारत पहले स्थान पर और विश्व में तीसरे स्थान पर है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**भारत के अन्य रामसर स्थल :**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मॉन्ट्रो रिकॉर्ड में भारतीय रामसर स्थल :

| आर्द्रभूमि का नाम | राज्य |
| --- | --- |
| केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान | राजस्थान |
| लोकटक झील | मणिपुर |

## भारत के महत्त्वपूर्ण रामसर स्थल :

| रामसर स्थल | राज्य |
| --- | --- |
| सुंदरबन आर्द्रभूमि (भारत में सबसे बड़ा रामसर स्थल) | पश्चिम बंगाल |
| रेणुका वेटलैंड (भारत का सबसे छोटा रामसर स्थल) | हिमाचल प्रदेश |
| चिल्का झील (भारत का सबसे पुराना रामसर स्थल) | ओडिशा |

## राजस्थान रामसर स्थल :

| रामसर स्थल | अवस्थिति | रामसर स्थल घोषित |
| --- | --- | --- |
| केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान | भरतपुर | वर्ष 1981 |
| सांभर झील | जयपुर | वर्ष 1990 |
| खीचन | फलोदी | जून, 2025 |
| मेनार | उदयपुर | जून, 2025 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## जीसैट-7R उपग्रह

### चर्चा में क्यों?

- 02 नवंबर, 2025 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के अत्याधुनिक और देश के सबसे भारी स्वदेशी संचार उपग्रह जीसैट-7R (CMS-03) का प्रक्षेपण किया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **प्रक्षेपण :** श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसे देश के सबसे शक्तिशाली रॉकेट, लॉच वेहिकल मार्क 3 (LVM-3 AM-5) के माध्यम से प्रक्षेपित किया।
- **विकसितकर्ता :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)।
- यह जीसैट-7 (रुक्मिणी) को प्रतिस्थापित करेगा और अगले 15 वर्षों तक सेवा में रहेगा।
- **भार :** लगभग 4,410 किलोग्राम भार वाला यह उपग्रह अब तक का भारत का सबसे भारी संचार उपग्रह जिसे जीयोसिंक्रोनस ट्रांसफर आर्बिट (GTO) में स्थापित कर दिया गया है, जहां से यह जियोस्टेशनरी आर्बिट में भेजा जाएगा।
- **उद्देश्य :** विस्तृत समुद्री और स्थलीय क्षेत्र में नौसैनिक अभियानों, वायु रक्षा और सामरिक कमान नियंत्रण के लिए विश्वसनीय, वास्तविक समय संचार प्रदान करना।


### प्रमुख विशेषताऐं:

- **बहु-बैंड सैन्य संचार प्रणाली :** जामिंग के विरुद्ध अतिरेकता और लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए Ku, Ka, और UHF बैंडों पर संचालित होता है।
- **व्यापक और बेहतर दूरसंचार कवरेज :** यह पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षित संचार कवरेज प्रदान करता है, जो अफ्रीका के पूर्वी तट और दक्षिण पूर्व एशिया तक फैला हुआ है।
- **स्वदेशी सबसे भारी भारतीय संचार उपग्रह :** ~4,400 किलोग्राम वजन वाला यह उपग्रह भारतीय धरती से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (GTO) में प्रक्षेपित किया गया इसरो द्वारा निर्मित सबसे बड़ा उपग्रह है।
- **उन्नत एन्क्रिप्शन :** सुरक्षित सैन्य अभियानों के लिए एंटी-जैमिंग, फ्रीक्वेंसी हॉपिंग और एन्क्रिप्टेड डेटा लिंक की सुविधा।
- पेलोड : इसके पेलोड में ऐसे उन्नत ट्रांसपोंडर लगाए गए हैं, जो विभिन्न संचार बैंडों पर ध्वनि, डेटा और वीडियो लिंक को सपोर्ट करने में सक्षम हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**संचार उपग्रह :**




- **GSAT-1:** वर्ष 2001 में प्रक्षेपित भारत का पहला प्रायोगिक उपग्रह जो लक्षित कक्षा प्राप्त करने में विफल रहा।

**संचार उपग्रहों के उपयोग :**

1. **दूरसंचार:** वॉइस कॉल, डेटा ट्रांसफर, टीवी और रेडियो सेवाओं की सुविधा (जैसे; INSAT, VSAT)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. **टेलीमेडिसिन:** दूरदराज क्षेत्रों को चिकित्सीय सहायता हेतु अस्पतालों से जोड़ना।
3. **टेली-शिक्षा:** EDUSAT जैसे उपग्रहों द्वारा दूरस्थ शिक्षा प्रदान करना।
4. **बैंकिंग सेवाएँ:** ATM और बैंक शाखाओं के लिए सुरक्षित कनेक्टिविटी (VPN के माध्यम से)।
5. **5G नेटवर्क:** दूरस्थ क्षेत्रों में निर्बाध कनेक्टिविटी।
6. **सैटेलाइट इंटरनेट:** LEO उपग्रहों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गति इंटरनेट।
7. **IOT विकास:** छोटे उपग्रहों के माध्यम से स्वायत्त तकनीक और कनेक्टिविटी।
8. **रियल-टाइम ट्रैकिंग:** जलवायु निगरानी, आपदा प्रबंधन और सैन्य गतिविधियों पर निगरानी।
9. **टीवी और DTH प्रसारण:** फिल्में, खेल और समाचारों का प्रसारण।
10. **रेडियो प्रसारण:** बड़े क्षेत्रों में स्पष्ट ऑडियो सिग्नल उपलब्ध कराना।
11. **खोज और बचाव अभियान:** आपदाओं व दूरस्थ क्षेत्रों में जीवन रक्षा सहायता प्रदान करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## अभ्यास त्रिशूल

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने पाकिस्तान से सटी पश्चिमी सीमा पर बड़े स्तर पर तीनों सेनाओं का संयुक्त अभ्यास 'त्रिशूल' प्रारंभ किया है।



### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन** : 30 अक्तूबर से 13 नवंबर, 2025 तक।
- **उद्देश्य** : परिचालन तत्परता, संयुक्त समन्वय और बहु-क्षेत्र युद्ध कौशल को बढ़ाना।
- **मुख्य लक्ष्य** : सेना, नौसेना और वायुसेना के मध्य संयुक्त संचालन का परीक्षण और सुधार करना है, जिसमें भूमि, समुद्र, वायु और साइबर क्षेत्र शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**भागीदार :**

1. **थल सेना :** 20,000 से अधिक सैनिको के साथ T-90S और अर्जुन टैंक, हॉवित्ज़र, सशस्त्र हेलीकॉप्टर और मिसाइल प्रणाली तैनात है।
2. **वायुसेना (IAF) :** उच्च-गति वाले "महागुर्जर" संचालन कर रही है, जिसमें राफेल और सुखोई-30MKI फाइटर जेट, परिवहन और ईंधन भरण विमान (IL-78), AEW&C प्रणाली तथा UAVs तैनात हैं।
3. **नौसेना:** सौराष्ट्र और गुजरात तटों पर फ्रिगेट और विध्वंसक पोत तैनात किये हैं, ताकि अम्फीबियस और समुद्री युद्ध अभ्यास किया जा सके।

**विशेषताएं :**

- अभ्यास में एकीकृत संचालन, डीप-स्ट्राइक मिशन, अम्फीबियस युद्ध और बहु-क्षेत्र युद्ध तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया।
- इस अभ्यास का कोड नाम "त्रिशूल" है, जबकि आंतरिक रूप से इसे "महागुर्जर" कहा जाता है।
- यह अभ्यास जैसलमेर (राजस्थान) से सर क्रीक (गुजरात) तक फैले थार रेगिस्तान को कवर करता हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## पद्मश्री रामदरश मिश्र का निधन

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, हिन्दी के महान साहित्यकार पद्मश्री रामदरश मिश्र का निधन हो गया।




### मुख्य बिन्दु:

- मिश्र को इसी वर्ष पद्मश्री से अलकृंत किया गया था।
- उन्हें वर्ष 2015 में साहित्य अकादमी और और वर्ष 2021 में व्यास सम्मान सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।
- रामदरश मिश्र ने एक सौ से अधिक कविता, कहानी, उपन्यास, संस्मरण और आलोचना पुस्तकों की रचना की।
- **प्रमुख कृतियां :** स्वप्न भंग, बबूल और कैक्टस, पानी के प्राचीर, सूखता हुआ तालाब, बारिश में भींगते बच्चे और सपनों भरे दिन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पूर्व गोलकीपर मैनुअल फ्रेडरिक

## चर्चा में क्यों?

- म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर मैनुअल फ्रेडरिक का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया।




## मुख्य बिन्दु:

- केरल के कन्नूर के रहने वाले फ्रेडरिक ओलंपिक पदक (1972 म्यूनिख ओलंपिक, कांस्य) जीतने वाले राज्य के पहले खिलाड़ी थे। उनका यह रिकॉर्ड वर्ष 2021 में पीआर श्रीजेश ने तोड़ा।
- अपनी निडर गोलकीपिंग के लिए जाने जाने वाले फ्रेडरिक ने वर्ष 1971 से 1978 तक भारत का प्रतिनिधित्व किया और दो विश्व कप में खेले।
- इनकी टीम ने वर्ष 1973 में एम्सटलवीन में रजत पदक हासिल किया था।
- वर्ष 2019 में ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## रोहन बोपन्ना : टेनिस

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने प्रोफेशनल टेनिस से संन्यास की घोषणा की है।




### मुख्य बिन्दु:

#### रोहन बोपन्ना की प्रमुख उपलब्धियां:

- 43 वर्ष और नौ माह की उम्र में, वह टेनिस के ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- वर्ष 2003 में अपने करियर की शुरुआत करने वाले बोपन्ना ने 539 टूर-स्तरीय जीत हासिल कीं और 15 अलग-अलग खिलाड़ियों के साथ जोड़ी बनाई। वह दो बार यूएस ओपन के फाइनल में पहुँचे, दो बार एटीपी फाइनल में उपविजेता रहे।
- उल्लेखनीय जीतों में वर्ष 2003 में लिएंडर पेस और मार्टिना नवरातिलोवा की मिश्रित युगल जीत, वर्ष 2006 और वर्ष 2009 में महेश भूपति की मिश्रित युगल जीत और वर्ष 2016 में सानिया मिर्ज़ा की महिला युगल जीत शामिल हैं।
- इन्होंने वर्ष 2024 (ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल खिताब) और वर्ष 2018 (फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल खिताब) में दो ग्रैंड स्लैम का खिताब जीता।
- भारतीय टेनिस में उनके योगदान के तहत् भारत सरकार ने उन्हें प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया था।
- एशियाई खेल, 2022 में बोपन्ना ने रुतुजा भोसले के साथ मिलकर हांग्जो एशियाई खेलों की मिश्रित युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता ।
- सितंबर, 2023 में डेविस कप विदाई में बोपन्ना ने अपने 21 वर्ष के डेविस कप करियर का शानदार समापन किया, जिसमें उन्होंने विश्व ग्रुप II मैच में मोरक्को पर भारत की जीत में योगदान दिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एशियन यूथ गेम्स, 2025




**चर्चा में क्यों?**

- बहरीन के मनामा में आयोजित एशियन यूथ गेम्स, 2025 चैंपियनशिप में भारतीय खिलाडियों ने 48 पदक के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**मुख्य बिन्दु:**

- **आयोजन :** 22 से 31 अक्टूबर, 2025 तक बहरीन के मनामा में आयोजित किए गए।
- **संस्करण :** तीसरा।
- **भारतीय दल :** 21 खेल विधाओं में 222 युवा एथलीट।
- **भारत का प्रदर्शन :** भारतीय युवा एथलीटों ने एशियन गेम्स में अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जो वर्ष 2009 और वर्ष 2013 के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।
- **पदक तालिका :** भारत, पदक तालिका में 13 गोल्ड, 18 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज मेडल के साथ छठे पायदान पर रहा।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| Rank | Country | Gold | Silver | Bronze | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | People's Republic of China | 63 | 49 | 35 | 147 |
| 2 | Uzbekistan | 37 | 16 | 28 | 81 |
| 3 | Kazakhstan | 24 | 29 | 40 | 93 |
| 4 | Islamic Republic of Iran | 22 | 18 | 36 | 76 |
| 5 | Thailand | 15 | 15 | 18 | 48 |
| 6 | India | 13 | 18 | 17 | 48 |
| 7 | Hong Kong, China | 13 | 13 | 10 | 36 |
| 8 | United Arab Emirates | 12 | 9 | 10 | 31 |
| 9 | Democratic People's Republic of Korea | 8 | 5 | 2 | 15 |
| 10 | Chinese Taipei | 7 | 9 | 24 | 40 |

## प्रमुख भारतीय खिलाड़ी :

| एथलीट | इवेंट | खेल | मेडल |
|---|---|---|---|
| भारत | गर्ल्स टीम | कबड्डी | स्वर्ण |
| भारत | बॉयज टीम | कबड्डी | स्वर्ण |
| प्रीतिस्मिता भोई | गर्ल्स 44किग्रा | वेटलिफ्टिंग | स्वर्ण |
| यशिता | गर्ल्स 61 किग्रा फ्रीस्टाइल | रेसलिंग | स्वर्ण |
| खुशी चंद | गर्ल्स 46 किग्रा | बॉक्सिंग | स्वर्ण |
| जयवीर सिंह | बॉयज फ्रीस्टाइल 55किग्रा | रेसलिंग | स्वर्ण |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | | |
|---|---|---|---|
| मोनी | गर्ल्स फ्रीस्टाइल 57 किग्रा | रेसलिंग | स्वर्ण |
| अंशिका | गर्ल्स +80 किग्रा | बॉक्सिंग | स्वर्ण |
| अंजली | गर्ल्स 55 किग्रा | बीच रेसलिंग | स्वर्ण |
| अर्जुन | बॉयज 90 किग्रा | बीच रेसलिंग | स्वर्ण |
| अहाना शर्मा | गर्ल्स 50 किग्रा | बॉक्सिंग | स्वर्ण |
| चंद्रिका भोरेशी पुजारी | गर्ल्स 54 किग्रा | बॉक्सिंग | स्वर्ण |
| सानी सुभाष फुलमाली | बॉयज 60 किग्रा | बीच रेसलिंग | स्वर्ण |

- इसमें लड़कियों की कबड्डी टीम ने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत को पहला पदक कुश्ती की कुराश स्पर्धा में खुशी ने कांस्य पदक जीतकर दिलाया।
- **प्रीतिस्मिता भोई :** प्रीतिस्मिता भोई ने 44 किलो भार वर्ग में क्लीन एंड जर्क में विश्व युवा रिकॉर्ड स्थापित करते हुए देश का पहला स्वर्ण पदक जीता।
- **रंजना यादव :** पांच हजार मीटर पैदल चाल में रजत पदक के साथ एथलेटिक्स में पहला पदक जीता।
- **धिनिधि देसिंघु :** 400 मीटर फ्रीस्टाइल में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।
- **कनिष्का बिधूड़ी (रजत पदक) :** महिलाओं के 52 किग्रा वर्ग के फाइनल में कनिष्का को उज़्बेकिस्तान की मुबीनाबोनू करीमोवा से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें रजत पदक मिला।
- **अरविंद (कांस्य पदक) :** पुरुषों के 83 किग्रा वर्ग में अरविंद ने कांस्य पदक जीता।
- इस प्रदर्शन की बदौलत भारत ने वर्ष 2026 युवा ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर ऐतिहासिक उपलब्धि की है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ICC महिला वनडे विश्व कप, 2025

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने नवी मुंबई में ICC महिला विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हरा कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया।




## मुख्य बिन्दु:

- भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 298 रन बनाये। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर सिमट गयी।
- **शेफाली वर्मा :** 87 रन और 2 विकेट के कारण प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।
- **दीप्ति शर्मा :** फाइनल में 58 रन के योगदान के साथ 5 विकेट लेने वाली और पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने के कारण प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब प्रदान किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR